समाचार

निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर फोकस रखें, समयसीमा में कार्य पूरा करें–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण)

कोरबा 20 जुलाई 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अभियंताओं व निर्माण एजेंसियों से कहा है कि निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखकर कार्य करें तथा कार्यो में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूरा करें ताकि विकास व निर्माण कार्यो का समय पर लाभ लोगों को प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा कार्य संपादन के दौरान उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्ताशय के निर्देश महापौर श्री प्रसाद ने आज निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान दिए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से कोरबा पुराने शहर के वार्ड क्र. 01 स्थित शासकीय आदिम जाति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन का निर्माण 07 करोड़ रूपये की लागत से निगम द्वारा सी.एस.आर.मद के अंतर्गत कराया जा रहा है, वर्तमान में विद्यालय भवन के प्लिंथ लेबल का काम किया जा रहा है, वहीं बीम निर्माण का कार्य भी चल रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने वहां पर प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व निगम के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें एवं कार्य में आवश्यक तेजी लाएं ताकि उक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके। इसी प्रकार वार्ड क्र. 20 कांशीनगर के समीप फलोद्यान के पीछे निगम द्वारा वर्किंग वूमेन हास्टल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। महापौर श्री प्रसाद ने उक्त कार्य का भी निरीक्षण किया तथा आंतरिक भाग में किए जा रहे विद्युत वायरिंग, लेट–बाथ, आंतरिक साज–सज्जा, किचन व्यवस्था, पानी आपूर्ति व्यवस्था सहित अन्य विविध कार्यो का निरीक्षण करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी से कहा कि इन कार्यो में उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री पूर्ण रूप से गुणवत्तायुक्त

रहे, यह सुनिश्चित करें। उन्होने हास्टल तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड निर्माण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद नारायण दास मानिकपुरी, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, आकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, विजय कुमार, संतोष अग्रवाल, दीपक कुमार आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)